प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 23.10.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल रोजगार मेले में 51 हजार से ज्यादा युवाओं को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र, देश भर में विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम, वीडियो कॉन्फ्रेंस से करेंगे संबोधित।
2. घाटशिला उपचुनाव के लिए प्रचार पकड़ेगा जोर, कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा–महागठबंधन के बड़े नेता करेंगे कैंप, एनडीए से भी दिग्गज नेताओं का होगा जुटान।
3. रांची पुलिस को बड़ी उपलब्धि, कुख्यात प्रिंस खान और सुजीत सिन्हा गिरोह के गठजोड़ का खुलासा, हथियार आपूर्ति में पाकिस्तान लिंक आया सामने।
4. झारखंड समेत देशभर में आज मनाया जा रहा भाई दूज, राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री के साथ राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने देशवासियों को दी शुभकामनाएं।
5. सैफ एथलेक्टिस की मेजबानी के लिए रांची तैयार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कल करेंगे उद्घाटन, छह देशों के एथलीट लेंगे भाग।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल 17वें रोजगार मेले के तहत 51 हजार से ज्यादा युवाओं को सरकारी नौकरियों के नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। अब तक इस अभियान के तहत 10 लाख से अधिक उम्मीदवारों को रोजगार मिल चुका है। देशभर में विभिन्न स्थानों पर यह कार्यक्रम आयोजित होगा जिसमें प्रधानमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से लोगों को संबोधित करेंगे।

****

झारखंड में घाटशिला विधानसभा उपचुनाव के लिए नामांकन वापसी का कल अंतिम दिन है। उपचुनाव के लिए छठ पर्व के बाद अब प्रचार जोर पकड़ेगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने महागठबंधन उम्मीदवार सोमेश सोरेन की जीत का दावा किया है और कहा कि महागठबंधन के बड़े नेता प्रचार के लिए क्षेत्र में कैंप करेंगे।

इधर बाबूलाल सोरेन की जीत सुनिश्चित करने को लेकर एनडीए से भी दिग्गज नेताओं का जुटान होगा। झारखंड भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष आदित्य साहू चुनाव तक क्षेत्र में कैंप करेंगे। इसके अलावा बंगाल विधानसभा में नेताप्रतिपक्ष समेत अन्य नेताओं के भी प्रचार अभियान में आने का कार्यक्रम प्रस्तावित है।

****

प्रधानमंत्री के स्वदेशी और स्थानीय शिल्पकारों द्वारा निर्मित वस्तुओं का उपयोग में लाने के संदेश का जामताड़ा जिले में व्यापक असर देखा जा रहा है।

****

रांची पुलिस ने कुख्यात गैंगस्टर सुजीत सिन्हा की पत्नी रिया सिन्हा सहित पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया है। सिटी एसपी पारस राणा ने प्रेस वार्ता में बताया कि पूछताछ में कई अहम खुलासे हुए है जिसमें पाकिस्तान का भी लिंक सामने आया है।

****

पेड़ों की अवैध कटाई और वन भूमि पर अवैध कब्जे की सूचना पर रांची के डीएफओ श्रीकांत वर्मा के नेतृत्व में वन विभाग की टीम ने चान्हो के चारा क्षेत्र में छापेमारी की। इस दौरान अवैध कटाई में लगे तस्कर वाहन छोड़कर भाग गए।

****

देश में आज भाई बहन के पावन प्रेम का त्योहार भाईया–दूज मनाया जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्यवासियों को भाई दूज और चित्रगुप्त पूजा की शुभकामनाएं दी हैं।

****

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने राज्यवासियों को चित्रगुप्त पूजा की शुभकामनाएँ दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने लिखा है कि भगवान चित्रगुप्त की कृपा से सभी के जीवन में सद्बुद्धि, न्यायप्रियता और ज्ञान का प्रकाश सदैव बना रहे, यही मंगलकामना है। इधर उपराजधानी दुमका में भगवान चित्रगुप्त की आस्था

और भक्ति से पूजा की जा रही है। कायस्थ परिवार के लोग और अन्य कलमजीवी भक्तिभाव से सामूहिक रूप से कलम, दावत और चित्रगुप्त भगवान की पूजा कर रहे हैं।

****

त्योहारों के दौरान बढ़ती रेल यात्राओं को देखते हुए चक्रधरपुर रेल मंडल ने व्यापक तैयारी की है। सातों दिन 24 घंटे कार्यरत वार रूम स्थापित किया गया है। जहां विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी लगातार यात्रियों की सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण और ट्रेन संचालन की निगरानी कर रहे हैं।

****

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव एक लाख 13 हजार रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख 65 हजार रुपये प्रति किलो है।

****

24 से 26 अक्तूबर तक रांची में होनेवाली चौथी साउथ एशियन , सैफ सीनियर एथलेटिक्स चौंपियनशिप की मेजबानी के लिए तैयारी पूरी कर ली गई है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मोरहाबादी स्थित बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में चैंपियनशिप का उद्घाटन करेंगे। प्रतियोगिता में भारत, बांग्लादेश, भूटान, नेपाल, मालदीव और श्रीलंका के एथलीट 37 स्पर्धाओं में अपनी चुनौती पेश करेंगे ।

****

तीस नवंबर को भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच जेएससीए स्टेडियम राँची में होने वाले वनडे क्रिकेट मैच के आयोजन को लेकर तैयारियां तेज हो गई है। इसे लेकर जे.एस.सी.ए के पदाधिकारियों और राँची जिला प्रशासन के बीच महत्वपूर्ण बैठक हुई। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने बताया कि समंन्वय बैठक में मैच के दौरान विधि–व्यवस्था, सुरक्षा और यातायात व्यवस्था पर चर्चा की गई

****

अमृत भारतीय स्टेशन के तहत साहिबगंज स्टेशन को विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है। अमृत भारत संवाद 5.0 के तहत मालदा रेल मंडल के डीआरएम मनीष कुमार गुप्ता ने यात्रियों से संवाद किया। और स्टेशन के विकास सहित रेलवे द्वारा दी जा रही सुविधाओं की जानकारी दी।

****

मौसम केंद्र, रांची ने अपने ताजा मौसम पूर्वानुमान में छठ पर्व के दौरान झारखंड के कई जिलों में हल्की बारिश की संभावना जताई है। .मौसम केंद्र के वरीय मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि अंडमान में बन रहे सिस्टम के प्रभाव का असर झारखंड के मौसम पर पड़ेगा।

****